दमोह एक्सप्रेस
■ हटा ■ तेंदूखेड़ा ■ कुम्हारी
■ पथरिया ■ जबेरा
राज एक्सप्रेस
मंगलवार, 30 जून 2026

कुंडलपुर से शादी समारोह से लौट रहे जबलपुर निवासी दंपति हादसे का हुए शिकार

# चलती मोटरसाइकिल पर गिरा आम का पेड़, पति-पत्नी की मौके पर दर्दनाक मौत





● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में जबलपुर निवासी दंपति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आशीष जैन (48 वर्ष) एवं उनकी पत्नी पिंकी जैन (लगभग 45 वर्ष) कुंडलपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने निवास जबलपुर लौट रहे थे। इसी दौरान करौंदी-पड़रिया मार्ग पर कृष्णा पेट्रोलियम के समीप सड़क किनारे खड़ा एक विशाल आम का पेड़ अचानक चलती बाइक पर भरभराकर गिर पड़ा। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**एक युवक की मौत हुई :** घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को जिला अस्पताल दमोह भिजवाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस आम के पेड़ के गिरने से यह हादसा हुआ, उसके तने के नीचे पिछले कई दिनों से आग सुलग रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि आग के कारण पेड़ अंदर से कमजोर हो गया था और इसी वजह से वह अचानक सड़क पर गिर पड़ा। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि कुछ ही दिनों पहले तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में भी

**पहले तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में भी जामुन का पेड़ गिरने से** जामुन का पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हुई थी। लगातार दूसरी घटना के बाद सड़क किनारे खड़े जर्जर पेड़ों की अनदेखी पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत परासई से लेकर तेजगढ़, करौंदी और हर्रई मार्ग तक कई पुराने और खतरनाक पेड़ सड़क किनारे खड़े हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते खतरनाक पेड़ों को हटाया जाता, तो यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क किनारे खड़े जर्जर एवं जोखिमपूर्ण पेड़ों का तत्काल सर्वे कर उन्हें हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## दमोह-नरसिंहगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहगढ़-दमोह मार्ग पर रवि-सोम करीब 1 बजे देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार यादव को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक खडेरी गांव का निवासी बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी सहित पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



## सड़क हादसे में मासूम की मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम, तहसीलदार और टीआई मौके पर पहुंचे आश्वासन देकर खुलवाया



**दमोह (आरएनएन)।** सोमवार सुबह सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहा पर हुए सड़क हादसे में 2 वर्षीय मासूम बच्ची जैसमीन पिता कैलाश वंशकार, निवासी मानस भवन दमोह की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल चौराहा स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतिका के परिजनों का कहना है कि ट्रक को शहर के भीतर नहीं आना चाहिए। परिजन बच्ची को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही तहसीलदार रॉबिन जैन, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर वंदना गौर, डॉक्टर एपी जैन, डॉक्टर अभिजीत सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश दी और आश्वासन दिया कि नियम अनुसार कार्रवाई के साथ उचित मुआवजा दिलाने में हर संभव मदद की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्राम फुटेरा कला में चौकी प्रभारी ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क




फुटेरा मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम फुटेरा कला में चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की।चौकी प्रभारी ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी फर्जी लिंक भेजकर, ओटीपी पूछकर, बैंक अधिकारी बनकर, डिजिटल अरेस्ट, निवेश, लोन, नौकरी और केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही विभाग के पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि को रोकने या वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति सचेत करें। पुलिस ने सभी को संदेश दिया कि सोचें, समझें और फिर क्लिक करें , क्योंकि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## पथरिया में मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच, जन औषधि केंद्र बंद मिला, दो दवाओं के लिए नमूने

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिये गये निर्देशो के तहत सोमवार को अनुभागीय अधिकारी पथरिया के निर्देशन में गठित जांच दल के साथ जिसमें औषधि निरीक्षक महिमा जैन, डीओ फूड सेफ्टी राकेश अहिरवार, मेडिकल ऑफिसर पथरिया डॉ. अमित जैन ने पथरिया मे संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की।

**जांच के दौरान 3 मेडिकल स्टोर्स पर निरीक्षण किया गया :** निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल के पास स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र बंद पाया गया जिसके लिए उन्हें नोटिस दिया जाएगा। संजय चौराहा स्थित चौधरी मेडिकल एवं संजीवनी मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यक वैध ड्रग, फूड लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, शैड्यूल ड्रग्स के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, साफ सफाई, एक्सपायरी ड्रग्स मैनेजमेंट, प्रतिबंधित दवाओं की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल संचालकों को नियमानुसार मेडिकल संचालन हेतु सख्त निर्देश दिये गए। शेड्यूल केटेगरी की दवाइयां बिना डॉ. के प्रिस्क्रिप्शन के नहीं दिए जाने एवं क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड कंप्लीट रखने हेतु निर्देश दिए गए।

दवाओं का क्रय विक्रय फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा विभाग द्वारा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान संजीवनी मेडिकल पथरिया से 2 दवाओं के नमूने जांच हेतु लिये गए।

## महाराष्ट्र में पत्थर फैक्ट्री में मजदूर की मौत, बिना पीएम शव को भेज दिया गांव



● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के जिला सिंधुदुर्ग के देवगढ़ थाना में पत्थर की फैक्ट्री में काम करने वाले तेंदूखेड़ा थानाअंतर्गत ग्राम कोड़ल के सुखदेव पिता बड्डा तेकाम 35 की कार्य के दौरान शनिवार को मौत हो गई। कंपनी के मालिक ने बिना पोस्टमार्टम कराए किराए की एंबुलेस करके शव को ग्राम कोडल के लिए भेज दिया। सुखदेव के साथ ग्राम के और लोग भी पत्थर की फैक्ट्री में काम करते हैं राकेश गौड़, देवेंद्र गौड़, कमलकिशोर गौड़ ने बताया कि सुखदेव मशीन से पत्थर को काट रहा था उसी दौरान मशीन के उपर जा गिरा जिससे उसके गले में चोट लग गई खून बहने लगा हम लोगों ने कंपनी के मालिक को फोन करके बताया लेकिन तब तक सुखदेव की मौत हो चुकी थी। कंपनी के मालिक ने चुपचाप किराए की एंबुलेंस करवा दी साथ ही देवगढ़ थाना प्रभारी से एक पत्र लिखवा दिया जिससे शव को ले जाने में कोई परेशानी न हो। शनिवार रात्रि 9 बजे हम लोग देवगढ़ से निकले 24 घंटे बाद तेंदूखेड़ा पहुंचे। रात्रि अधिक हो जाने के कारण परिजनों ने शव को तेंदूखेड़ा अस्पताल के फ्रीजर में रखने की सलाह दी। परिजन भी अस्पताल आ गए। शव के साथ में आए ग्राम के तीन लडकों ने बताया कि कंपनी मालिक ने किसी भी प्रकार की कोई सहायता राशि हम लोगों को नहीं दी, न ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सोमवार को पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया दोपहर 4 बजे शव परिजनों को सौंपा गया। जहां ग्राम कोड़ल में अंतिम संस्कार किया गया।

**आगे की कार्रवाई वहीं से होगी :** नगर निरीक्षक रावेंद्र बागरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, साथ ही महाराष्ट्रऊपुलिस से बात की हैं संपूर्ण मामला बताया है। जीरो पर मर्ग कायम कर जांच के लिए महाराष्ट्र भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई वहीं से होगी।

## बीएमओ को नोटिस दो कर्मियों का वेतन काटने के निर्देश

**दमोह (आरएनएन)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेडियोग्राफर निकिता अहिरवार तथा नर्सिंग ऑफिसर ऋषि पटेल, संगीता तिलसे और ज्योति बंसल बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति के कर्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित कर्मचारियों का आगामी माह के वेतन से तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में अधीनस्थ कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर बीएमओ डॉ. जतिन दुबे को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पूर्णिमा पर बांदकपुर धाम में उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

ज्येष्ठ महीना खत्म होते ही आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में हजारों भक्तों का तांता लगा हुआ है। इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरुआत हो रही है। सुबह पट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दोपहर तक दर्शनार्थियों का क्रम लगातार बढ़ता रहा और अब तक 30 से 40 हजार भक्त श्री जागेश्वर नाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। अनुमान है कि आज 50 हजार से अधिक भक्तगण दर्शन करेंगे।

बांदकपुर मंदिर कमेटी ट्रस्टी प्रबंधक रामकृपाल पाठक द्वारा भक्तों के लिए पेयजल, छाया सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं एसडीओपी प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में मौजूद हैं और व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय , 1227,शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) Email - cs8243@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय -04.08.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा )। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 04.08.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक**

**निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे**

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा : जवाहरगंज ,जबलपुर (म.प्र.)** **श्री नीलेश गौंड पिता हीरा सिंह** **पता -1 :** 2910/1, एच/ओ राम किशोर दीक्षित, पूर्व कांजी हाउस, स्वामी वीरेंद्रपुरी वार्ड नंबर 02, गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) 482003, **पता - 2 :** देवरी, देवरी, जिला- दमोह, पिन-470880 **खाता नं. 021700JY00000038 और 021700NC00007477** | आवासीय प्लॉट का समसत भू भाग व अंश और उस पर बना निर्माण, **प्लॉट एरिया 5300 वर्ग फीट**, जिसमें से **निर्मित एरिया 700 वर्ग फीट** , मौजा मिहगुंवा खुर्द स्थित, पीएच नं. 28/38, खसरा नं. 154/1/1/1 तहसील- तेंदूखेड़ा, जिला-दमोह, विक्रय पत्र नं. MP08952024A11341895 दिनांक 21.11.2024 और जिसकी **चतुर्सीमा** इस प्रकार हैं - **उत्तर** की ओर: विकेता राम किशोर दीक्षित की भूमि, **दक्षिण** की ओर: 27 मील से सैलवाड़ा पीएम रोड, **पूर्व** की ओर : राजकुमार पटेल की भूमि, **पश्चिम** की ओर: विकेता राम किशोर दीक्षित की भूमि और उनका गोदाम, **मालिक और बंधकर्ता :** नीलेश गोंड पिता हीरा सिंह, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB021707477** | अ) 17.09.2025 ब) 10.12.2025 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू.28,54,690.77 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 25,78,000.00 ब) 2,57,800.00 स) 04.08.2026 द) 10,000.00 |
| **2. शाखा : सदर केंन्ट, जबलपुर (म.प्र.)** (उधारकर्ता ) श्री प्रियांक दुबे पिता श्री के एन दुबे, (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्रीमती आभा दुबे पति श्री के एन दुबे, (उधारकर्ता ) श्री के एन दुबे पिता श्री एस एन दुबे, **सभी का निवास स्थान :** हाउस नंबर 1, बीटी कंपाउंड, गढ़ा, बीटी तिराहा, इंदिरा गांधी वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482003 **खाता संख्या : 0218009300042669, DRT SA NO. 266/2022** | मौजा - चवनपुर में स्थित आवासीय भवन, एनबी 305, पटवारी हल्का नंबर 28/32, इंदिरा गांधी वार्ड, खसरा नंबर 212/1, 213/1, तहसील एवं जिला- जबलपुर (म.प्र.), **क्षेत्रफल- 2939 वर्ग फीट, चतुसीमा : उत्तर :** अवस्थी जी का डुप्लेक्स, **दक्षिण :** साइड रोड, **पूर्व :** श्री माखीजा का प्लॉट, **पश्चिम :** विमला ठाकुर, **मालिक और बंधककर्ता :** श्रीमती आभा दुबे पति श्री के एन दुबे, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB021804** | अ) 13.05.2021 ब) 14.10.2021 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 71,10,221.00 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 87,04,000.00 ब) 8,70,400.00 स) 04.08.2026 द) 10,000/- |
| **3. शाखा: मरहाताल, जबलपुर(म.प्र.)** **1. मेसर्स प्रेमचंद एंड संस एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता) डायरेक्टर श्री दिलीप कुमार शुगानी, श्री सतीश कुमार शुगानी एवं श्रीमती कविता शुगानी, पता:** 193, मेन रोड एनएच-7, कंदराखेड़ा, जिला, जबलपुर (म.प्र.)-482001, **2. श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय प्रेमचंद शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता), 3.श्रीमती कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार), 4.श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय प्रेमचंद शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार) मृतक होने के बाद से, कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी भरत शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी खुशबू शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी, सभी का पता:** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) 482001, **खाता संख्या: 01974015000199** | भूमि और भवन ग्राम - अंजनिया में स्थित, खसरा नम्बर 1516/2 का हिस्सा, म्यूटेशन के बाद 1516/5 , क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर, एनबी नम्बर 55, पीएच नम्बर 16, आरआई सर्कल - अंजनिया, ब्लॉक - बिछिया, जिला- मंडला (म.प्र.), **संपत्ति और बंधककर्ता -** श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB0197401** | अ) 16.12.2020 ब) 24.03.2021 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू 51,93,101.38 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 53,58,000.00 ब) 5,35,800.00 स) 04.08.2026 द) 10,000.00 |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**


**नियम एवं शर्तें : (1)** विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, "जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

**स्थान: जबलपुर, दिनांक 29.06.2026** **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**

**स्कूल चले हम अभियान** — कलेक्टर ने किया एमएलबी एवं मॉडल हाई स्कूल का निरीक्षण, बोले...

# शिक्षा अमूल्य संपति, कोई चुरा नहीं सकता





● दमोह/ राज न्यूज नेटवर्क

स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सोमवार को पथरिया स्थित एमएलबी स्कूल एवं मॉडल हाई स्कूल का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी कक्षाओं में टाइम-टेबल अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे जीवन में आत्मसात कर व्यवहार में उतारना आवश्यक है। उन्होंने कहा शिक्षा ऐसी अमूल्य संपत्ति है जिसे कोई न तो चुरा सकता है और न ही बांट सकता है। यही शिक्षा व्यक्ति को आत्मसम्मान दिलाती है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है, उन्होंने कहा यदि वे आज कुछ वर्षों तक पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करेंगे तो आने वाले कई दशक उनका जीवन सुखमय होगा तथा वे परिवार, समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बन सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पथरिया के विद्यार्थी अपने सपनों को अवश्य साकार करेंगे।

**पुस्तक वितरण में देरी पर जताई नाराजगी :** विद्यालय भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि गणित, अर्थशास्त्र और इतिहास विषय की पुस्तकें अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की।

### विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और पुताई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने प्राचार्य को पूरे परिसर की नियमित सफाई कराने तथा उपलब्ध शाला निधि से भवन की पुताई का कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।